# अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

## फैक्ट्री प्रोडक्शन स्टैंडर्ड 2.0.0 का परिचय

22 अगस्त, 2022

फेयर ट्रेड USA

संस्करण 1.0.0

मुख्य लेखक

standards@fairtradeusa.org

# विषय-सूची

**फेयर ट्रेड USA के फैक्ट्री प्रोडक्शन स्टैंडर्ड (FPS) का परिचय ........ 2**
FPS क्या है? ........ 2
FPS से कार्यकर्ताओं को क्या फ़ायदा होता है? ........ 2
**FPS में हुआ प्रमुख संशोधन ........ 3**
FPS को क्यों अपडेट किया गया? ........ 3
FPS के प्रमुख संशोधन के क्या उद्देश्य थे? ........ 3
FPS का संस्करण 2.0.0 कैसे विकसित किया है और हितधारक इस काम में कैसे शामिल थे? ........ 3
FPS के प्रमुख संशोधन में किए गए सबसे बड़े बदलाव कौन-से थे? ........ 4
सार्वजनिक परामर्श के दौरान मैंने जो फ़ीडबैक दिया था उसका क्या हुआ? ........ 5
**FPS 2.0.0 के कार्यान्वयन से जुड़ी जानकारी ........ 5**
FPS 2.0.0 कब प्रभाव में आएगा और मुझे ट्रांज़िशन की प्रक्रिया के बारे में और जानकारी कहाँ मिलेगी? ........ 5
मुझे FPS में बताए गए समर्थन के डॉक्युमेंट कहाँ मिलेंगे? ........ 5

# फेयर ट्रेड USA के फैक्ट्री प्रोडक्शन स्टैंडर्ड (FPS) का परिचय

## FPS क्या है?

FPS अपैरल, फ़ुटवियर और होम गुड्स सहित तरह-तरह के उत्पाद बनाने वाली फेयर ट्रेड प्रमाणित™ फैक्ट्रीज़ के लिए आवश्यकताएँ तय करता है। FPS का उद्देश्य इन फैक्ट्रीज़ में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाना है, जिसमें लीडरशिप, आर्थिक विकास और व्यवस्था जैसे पहलू शामिल हैं। साथ ही इसका उद्देश्य यह पक्का करना भी है कि कार्यकर्ताओं को काम करने का उचित और सुरक्षित परिवेश मिले और वे उत्पादन के लिए ऐसे तौर-तरीके अपनाएँ, जिनका पर्यावरण पर बुरा असर न हो।

हालाँकि, फेयर ट्रेड सर्टिफ़िकेशन, स्टैंडर्ड से कहीं बढ़कर होता है। हमारे सख्त स्टैंडर्ड्स के अलावा, हमारा मॉडल सामुदायिक विकास फ़ंड (फेयर ट्रेड प्रीमियम) के निवेश के ज़रिए असर और मूल्य को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्रोड्यूसर सपोर्ट सेवाएँ, जैसे कि मानवाधिकार, लीडरशिप, लैंगिक समानता और आर्थिक बदहाली से उबरने की शिक्षा और प्रशिक्षण देता है।

हमारे मॉडल के बारे में और जानकारी पपाने के लिए कृपया हमारी वेबसाइट पर जाएँ।

## FPS से कार्यकर्ताओं को क्या फ़ायदा होता है?

FPS अपनी आवश्यकताओं के थर्ड-पार्टी से वेरिफ़िकेशन के ज़रिए कार्यकर्ताओं को फ़ायदा पहुँचाता है, जिससे फ़ैक्ट्री में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को काम करने का सुरक्षित और उचित परिवेश मिलता है। इसके अलावा, फेयर ट्रेड प्रीमियम आपूर्ति श्रृंखला से बिना किसी काट-छाँट के सीधे कार्यकर्ताओं को मिलने वाली रकम है। कार्यकर्ता स्वतंत्र रूप से तय कर सकते हैं कि अपनी और अपने समुदाय की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए इस पैसे का कहाँ इस्तेमाल किया जाए।

# FPS में हुआ प्रमुख संशोधन

## FPS को क्यों अपडेट किया गया?

फेयर ट्रेड USA ज़्यादा-से-ज़्यादा लोगों को फ़ायदा पहुँचाने और फेयर ट्रेड प्रमाणित आपूर्ति श्रृंखलाओं पर सकारात्मक असर डालने के लिए नियमित रूप से हमारे स्टैंडर्ड्स को अपडेट करता है। हम ISEAL की सर्वोत्तम प्रथाओं की संहिता पर अमल करते हुए, कम-से-कम हर 5 साल में अपने स्टैंडर्ड को बारीकी से गौर करते हैं और उसे संशोधित करते हैं, ताकि यह अपने उल्लिखित उद्देश्यों को पूरा करने के लिहाज़ से लगातार प्रासंगिक और प्रभावशाली बना रहे। अपने स्टैंडर्ड्स को अपडेट करने से हमें व्यवसायों और उपभोक्ताओं को उचित मूल्य की सौगात देते हुए उत्पादकों और कार्यकर्ताओं को स्थायी आजीविका देने में और सशक्त बना सकें।

## FPS के प्रमुख संशोधन के क्या उद्देश्य थे?

FPS – यानी अपैरल और होम गुड्स के लिए फैक्ट्री स्टैंडर्स, 1.4.0 – का मौजूदा संस्करण वर्ष 2017 से प्रभाव में है। इस दौरान, फेयर ट्रेड USA ने सुधार के क्षेत्रों की पहचान करते हुए प्रोग्राम के कार्यान्वयन के ज़रिए अनुभव हासिल किया। आमतौर पर, FPS के प्रमुख संशोधन के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार थे:

- फैक्टरी कार्यकर्ताओं पर और भी सशक्त व सकारात्मक असर डालने, साथ ही फ़ैक्ट्रीज़ को ज़्यादा असरदार व कार्यकुशल सहायता सेवाएँ देने के लिए **बेहतर तालमेल बिठाना** ;
- प्रोग्राम की लागत कम करने और ऑडिट के बोझ से बचने के लिए अन्य सर्टिफ़िकेशन और ऑडिट को **मान्यता दें** ;
- फेयर ट्रेड USA की संगठनात्मक विकास की रणनीति के समर्थन में **नई निर्माण श्रेणियों में विस्तार करने की सहूलियत दें**;
- प्रोग्राम को ज़्यादा-से-ज़्यादा लोगों तक पहुँचाने, ऑनबोर्डिंग और कार्यान्वयन की प्रक्रिया को सरल और सुचारू बनाने लंबे समय तक सुधार को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ **फैक्ट्री प्रोग्राम के लगातार सुधार के तौर-तरीकों में ज़रूरी फेरबदल करें**; और
- **उद्योग श्रेणी में मिली सीख पर अमल करें,** जिससे पक्का होगा कि हम ब्रांड और फ़ैक्ट्रीज़ से जुड़ी चिंता पैदा करने वाली मुख्य समस्याओं से निपट सकें और अपनी उद्योग श्रेणी में होने वाली पहलों के साथ और भी ज़्यादा संगत बने रहे सकें।

आपको प्रोजेक्ट प्लान में FPS के प्रमुख संशोधन के बारे में और जानकारी मिल जाएगी।

## FPS का संस्करण 2.0.0 कैसे विकसित किया है और हितधारक इस काम में कैसे शामिल थे?

अपैर और होम गुड्स के लिए फ़ैक्ट्री स्टैंडर्ड सबसे पहले साल 2014 में पब्लिश किया गया। इसे साल 2010 में शुरू किए गए 'पायलट CMT फ़ैसिलिटीज़ स्टैंडर्ड' नामक पायलट प्रोग्राम से विकसित किया गया था। तब से, फैक्ट्री स्टैंडर्ड में कई छोटे संशोधन हुए हैं, जहाँ हमने इसके फ़ॉर्मेट और मौजूदा भाषा की स्पष्टता पर फ़ोकस किया। हालाँकि, यह स्पष्ट हो गया कि स्टैंडर्ड में एक बड़े अपडेट की ज़रूरत थी, ताकि हम पक्का कर सकें कि जिन अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों और उद्योग श्रेणियों में हम काम करते हैं, वहाँ इसे लागू करने में कोई परेशानी न हो।

इस विविधता को और भी अच्छी तरह दर्शाने के लिए स्टैंडर्ड का नाम बदलकर **फ़ैक्ट्री प्रोडक्शन स्टैंडर्ड (FPS)** कर दिया गया है। 2021 के शुरुआती महीनों में, फेयर ट्रेड USA ने स्टैंडर्ड को अपडेट करने के लिए प्रमुख संशोधन की प्रक्रिया शुरू की। सबसे पहला लक्ष्य था इसमें शामिल सभी लोगों के लिए हमारे प्रस्ताव को बेहतर बनाना और साथ ही यह भी पक्का करना कि ज़्यादा असर और तेज़ विकास के लिए फेयर ट्रेड USA की संगठनात्मक रणनीति के हिसाब से स्टैंडर्ड अच्छी तरह काम करता है।

इसके बाद, FPS के संस्करण 2.0.0 का ड्राफ़्ट पाँच साल से भी ज़्यादा समय के लिए हमारे फैक्ट्री स्टैंडर्ड के कार्यान्वयन से मिली सीखों की समीक्षा और सर्टिफ़िकेट होल्डर, ब्रांड, शैक्षणिक, सामाजित और श्रमिक अधिकारों के लिए काम करने वाले NGO सहित कई चुनिंदा हितधारकों का सीधे इंटरव्यू लेने पर मिले नतीजों के आधार पर तैयार किया गया। FPS के ड्राफ़्ट को अक्टूबर 2021 से जनवरी 2022 तक सार्वजनिक परामर्श के लिए ज़ाहिर किया गया था, साथ ही एक सार्वजनिक टिप्पणी फ़ॉर्म भी दिया गया था, जिसमें समीक्षा के लिए टार्गेट किए गए सवाल शामिल किए गए थे और अतिरिक्त टिप्पणियाँ डालने की जगह दी गई थी। ब्रांड और फैक्ट्रीज़ के प्रतिनिधियों के साथ वेबिनार आयोजित किए गए। इनका मकसद उन्हें ड्राफ़्ट के नए स्टैंडर्ड के बारे में बताना और फ़ीडबैक सबमिशन को बढ़ावा देना था। फेयर ट्रेड प्रमाणित फैक्ट्री के हज़ारों कार्यकर्ताओं को भी एक टार्गेट किया गया सर्वे भेजा गया था।

## FPS के प्रमुख संशोधन में किए गए सबसे बड़े बदलाव कौन-से थे?

एक ओर जहाँ FPS की कई आवश्यकताएँ भाषा की संरचना में होने वाले बदलाव और अन्य सामान्य बदलावों तक ही सीमित होती है, वहीं लगातार सुधार वाला मॉडल फेयर ट्रेड को ज़्यादा-से-ज़्यादा सुलभ बनाने और फेयर ट्रेड के इस सफ़र के दौरान सकारात्मक असर डालने के उद्देश्य से फैक्ट्री प्रोग्राम के तौर-तरीके में किए गए बड़े इनोवेशन को दर्शाता है। इस मॉडल के तहत, फेयर ट्रेड USA ने नए स्कोरिंग और और नॉन-कम्प्लायंस रैंकिंग सिस्टम पेश किए, जिन्हें इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि फैक्ट्री उनकी मदद से ऑनबोर्डिंग का काम तेज़ी से कर सकती हैं और साथ ही छह साल के दौरान उद्योग जगत की सर्वोत्तम प्रथाओं की तरफ़ लगातार आगे बढ़ सकती हैं।

स्कोरिंग सिस्टम में अब तीन तरह के मापदंडों को परिभाषित किया गया है:

- साल: ज़रूरी मानदंड, जिन्हें किसी खास ऑडिट वर्ष तक पूरा करना ज़रूरी होता है;
- प्रगति: ज़रूरी मानदंड, जिन्हें छठवाँ (6) साल आने से पहले पूरा करना ज़रूरी होता है; और
- सर्वोत्तम प्रथा: ये वैकल्पिक मानदंड अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं पर अमल करते हुए कार्यकर्ताओं के अधिकारों और सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हैं।

इस तरीके के साथ, फ़ैक्ट्रीज़ को पूरे सर्टिफ़िकेशन चक्र के दौरान मानदंडों के सुविधाजनक कार्यान्वयन की क्षमता मिल जाती है और वे पक्का कर सकती हैं कि फेयर ट्रेड प्रोग्राम के आधारभूत घटकों को भरोसेमंद और सही समय पर पूरा किया जाता है।

दूसरा, फेयर ट्रेड USA ने नया नॉन-कम्प्लायंस (NC) रैंकिंग सिस्टम पेश किया है, जो NC को (किसी एक मानदंड के बजाय) माइनर, मेजर या प्रायॉरिटी के रूप में वर्गीकृत करता है। NC रैंकिंग सिस्टम का उद्देश्य NC की पहचान और समाधान को ज़रूरत के मुताबिक ढालना है, ताकि पक्का किया जा सके कि सुधार के कदम समय पर उचित रूप से उठाए जा सकें। स्कोरिंग सिस्टम के संयोजन में, NC रैंकिंग सिस्टम फैक्ट्रीज़ को चुनौतियों से निपटने, उत्कृष्ट प्रदर्शन के क्षेत्रों को हाइलाइट करने और फ़ेयर ट्रेड USA, ब्रांड, उद्योग और उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं के स्थायी अनुपालन के लिए ज़रूरत के मुताबिक ढाले गए सहायता उपाय से सशक्त बनाएगा।

लगातार सुधार वाले मॉडल के अलावा, FPS की संरचना को इस तरह अपडेट किया गया है कि आवश्यकताओं का समूह बनाया जा सके, जिससे उन्हें समझना ज़्यादा आसान हो जाएगा। FPS का नया मॉड्यूल ब्रेकडाउन इस प्रकार है:

- मॉड्यूल 1: सशक्तिकरण;
- मॉड्यूल 2: काम के दौरान मौलिक मानवाधिकार;
- मॉड्यूल 3: कार्यकर्ताओं के लिए रोज़गार की शर्तें;
- मॉड्यूल 4: पेशागत स्वास्थ्य और सुरक्षा;
- मॉड्यूल 5: पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदारी और उसका मैनेजमेंट;
- मॉड्यूल 6: पारदर्शिता और ट्रेसेबिलिटी; और

- मॉड्यूल 7: इंटरनल मैनेजमेंट सिस्टम।

अंत में कुछ मुख्य विषयों को या तो शामिल किया गया है या फिर उनकी विस्तार से जानकारी देते हुए प्रीमियम मैनेजमेंट और अकाउंटिंग, शिकायत प्रणाली, ज़िम्मेदार नियुक्ति, आजीविका वेतन, डॉक्युमेंट ट्रेसेबिलिटी और इंटरनल मैनेजमेंट सिस्टम जैसी चीज़ों को शामिल किया गया है। पेशागत स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी शर्तों की संरचना को भी बदला गया है, ताकि उसे अलग-अलग तरह की उद्योग श्रेणियों पर लागू किया जा सके और निर्माण की नई श्रेणियों तक उसका विस्तार किया जा सके।

विस्तृत बदलावों के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध *बदलावों का सारांश* देखें।

## सार्वजनिक परामर्श के दौरान मैंने जो फ़ीडबैक दिया था उसका क्या हुआ?

सार्वजनिक परामर्श के दौरान मिले फ़ीडबैक की समीक्षा की गई और उसे FPS के संस्करण 2.0.0 के ड्राफ़्ट को परिष्कृत करके उसका अंतिम वर्ज़न तैयार करने के लिए इस्तेमाल किया गया। फ़ीडबैक को संशोधन की शुरुआत से इकट्ठा की गई सीखों और डेटा के साथ प्रोसेस और उसका विश्लेषण किया गया, ताकि सभी इनपुट को समेकित करके FPS के संस्करण 2.0.0 का अंतिम वर्ज़न तैयार किया जा सके। फ़ेयर ट्रेड USA की एक्सटर्नल स्टैंडर्ड्स समिति  में कई तरह की औद्योगिक पृष्ठभूमियों से ताल्लुक रखने वाले विशेषज्ञ शामिल होते हैं, जो फेयर ट्रेड USA की सभी श्रेणियों में अपनी सेवाएँ देते हैं। समिति के जानकारों ने इस संशोधन प्रक्रिया के संबंध में सहायता और सलाह दी और मुख्य रणनीतिक और तकनीकी समस्याओं पर हितधारकों की ओर से मिले फ़ीडबैक को समझने और उस पर प्रतिक्रिया देने में अहम भूमिका निभाई।

*फ़ीडबैक का सारांश और प्रतिक्रिया*, जो सार्वजनिक परामर्श के दौरान मिली टिप्पणियों और फेयर ट्रेड USA की प्रतिक्रियाओं का संक्षिप्त वर्णन करता है, वह संशोधन वेबसाइट पर उपलब्ध है। हमने सभी फ़ीडबैक का मूल्यांकन किया, ताकि पक्का कर सकें कि FPS प्रासंगिक, असरदार और स्पष्ट है और फेयर ट्रेड USA हमारे पार्टनर, उत्पादकों, उपभोक्ताओं और व्यवसायों की ज़रूरतों को पूरा करता है।

# FPS 2.0.0 के कार्यान्वयन से जुड़ी जानकारी

## FPS 2.0.0 कब प्रभाव में आएगा और मुझे ट्रांज़िशन की प्रक्रिया के बारे में और जानकारी कहाँ मिलेगी?

FPS 1 जनवरी, 2023 से प्रभाव में आएगा और ऐसा होने पर सभी ऑडिट FPS 2.0.0 में बताई गई आवश्यकताओं की कसौटी पर किए जाएँगे। हम समझते हैं कि मौजूदा सर्टिफ़िकेट होल्डर्स को FPS 2.0.0 की उन आवश्यकताओं का पालन करने के लिए वक्त चाहिए, जो पिछले संस्करण के मुकाबले नई या ज़्यादा सख्त हैं। नई आवश्यकताओं के लिए FPS के पब्लिकेशन की तारीख से एक साल की ट्रांज़िशन अवधि की अनुमति दी जाएगी (22 अगस्त, 2022 – 22 अगस्त, 2023)। ट्रांज़िशन की यह प्रक्रिया ऑडिट की समग्र प्रक्रिया को नहीं बदलती और जो सर्टिफ़िकेट होल्डर इस समय पिछले स्टैंडर्ड के तहत प्रमाणित हैं, उनके सर्टिफ़िकेशन का चक्र सर्टिफ़िकेशन के वर्ष के आधार पर आगे बढ़ता रहेगा। और विवरण के लिए, कृपया फेयर ट्रेड USA की वेबसाइट पर पब्लिश की गई *ट्रांज़िशन नीति* देखें।

## मुझे FPS में बताए गए समर्थन के डॉक्युमेंट कहाँ मिलेंगे?

शेष 2022 तक, फेयर ट्रेड USA, FPS पर समर्थन के डॉक्युमेंट विकसित और प्रकाशित करेगा। नए और अपडेट किए गए डॉक्युमेंट पाने के लिए, कृपया हमारी मुख्य स्टैंडर्ड्स वेबसाइट पर जाएँ, अपने फेयर ट्रेड USA प्रतिनिधि से संपर्क करें या factorymarketing@fairtradeusa.org पर हमें सीधे ईमेल भेजें।